# अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन

**अखिल भारतीय समिति के सत्र 2023-25 की बैठक की कार्यवृत्त**
**रविवार, 17 मार्च 2024, होटल सिटी प्राइड, हरिद्वार**

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की अखिल भारतीय समिति के सत्र 2023-25 की द्वितीय बैठक रविवार, 17 मार्च 2024 को हरिद्वार स्थित होटल सिटी प्राइड में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया के सभापतित्व में आयोजित की गई।

**बैठक में निम्नलिखित अखिल भारतीय समिति सदस्यों, विशेष आमंत्रितों एवं समाज-जनों की उपस्थिति रही:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री शिव कुमार लोहिया | श्री रंजीत जालान | श्री मधुसूदन सिकरिया | डॉ. सुभाष अग्रवाल |
| श्री कैलाशपति तोदी | श्री संजय गोयनका | श्री महेश जालान | श्री केदार नाथ गुप्ता |
| श्री पवन कुमार गोयनका | श्री संतोष खेतान | श्री राजकुमार मिश्र | श्री ओम प्रकाश खण्डेलवाल |
| श्री संजय जाजोदिया | श्री विनोद कुमार लोहिया | श्री सुन्दरलाल शर्मा | श्रीमती सुषमा अग्रवाल |
| श्री मन्नालाल बैद | श्री सज्जन शर्मा | श्री मनोज कुमार जैन (काला) | श्री नारायण भूषाणिया |
| श्री सीताराम अग्रवाल | श्री बिरेन कुमार अगरवाला | श्री बिश्वनाथ खरकिया | श्री विनोद अग्रवाल |
| श्री मनोज गोयल | श्री अजय शर्मा | श्री अमित जालान | श्री रंजीत टिबड़ेवाल |
| श्री राजेंद्र कुमार हरलालका | श्री ललित कुमार कोठारी | श्री रमेश कुमार बजाज | श्री पंकज कुमार पोद्दार |
| श्रीमती नीलम अग्रवाल | | | |

**निम्नलिखित सदस्यों ने अनुपस्थिति की सूचना दी :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री नंदलाल रूंगटा | डॉ. हरि प्रसाद कनोड़िया | श्री गोवर्धन प्रसाद गाडोदिया | श्री राज कुमार केडिया |
| श्री संजय हरलालका | श्री पवन कुमार जालान | श्री आत्माराम सोंथलिया | श्री विजय गोयल |
| श्री बसंत कुमार मित्तल | श्री शिव कुमार टेकड़ीवाल | श्री चांदमल अग्रवाल | श्री अनिल जाजोदिया |
| श्री ओम प्रकाश रींगसिया | श्री धर्मेंद्र प्रसाद मोरे | श्री मुरारी लाल सोंथलिया | श्री रमेश खिरवाल |
| श्री महेश पोद्दार | श्री पवन कुमार बंका | श्री हरि किशन अग्रवाल | श्री राजीव केजरीवाल |
| श्री मोहन लाल उपाध्याय | श्री ओम प्रकाश थिरानी | श्री गिरधारी लाल सराफ | श्री सजन कुमार अग्रवाल |
| श्री सुभाष डागा | श्री चंडी प्रसाद डालमिया | श्री पवन कुमार मित्तल | श्री सुरेंद्र कुमार डालमिया |
| श्री शिव प्रसाद राजगढ़िया | | | |

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की सर्वोच्च नीति निर्धारक 'अखिल भारतीय समिति' के नए सत्र (2023-25) की द्वितीय बैठक की शुरुआत राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया व सभी गणमान्य मंचासीन व्यक्तियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर होटल सिटी प्राइड में किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लोहिया जी द्वारा सभा प्रारंभ की घोषणा के उपरांत सभी उपस्थित राष्ट्रीय पदाधिकारियों, प्रांतीय पदाधिकारियों का आतिथ्य प्रांत उत्तराखंड ने राजस्थानी पगड़ी, दुपट्टा, माला से सम्मान किया।

**<u>कार्यसूची 1. अध्यक्षीय संबोधन :</u>**

अध्यक्षीय संबोधन के शुरुआत में श्री लोहिया ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रंजीत जालान के मार्गदर्शन में उत्तराखंड प्रांतीय पदाधिकारियों द्वारा सुंदर आयोजन के लिए साधुवाद दिया। साथ ही पूर्वोत्तर दौरे के मीठे अनुभवों को लोगों से साझा किया एवं बेहतर और सुव्यवस्थित आयोजन के लिए पूर्वोत्तर के अध्यक्ष, पदाधिकारियों व सदस्यों को साधुवाद दिया। श्री लोहिया ने उपस्थित लोगों को सम्मेलन के संक्षिप्त इतिहास व सामाजिक कार्यों से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि सम्मेलन हमें ऊर्जा और शक्ति प्रदान करता है। जो लोग समाज का कार्य करते हैं या समाज को देते हैं, उससे ज्यादा उन्हें वापस समाज से मिलता है। हमारे पास काम करने का अवसर बहुत है और इच्छाशक्ति भी है। उन्होंने सभी से अपील की कि सम्मेलन के सोशल मीडिया पेज फेसबुक और इंस्टाग्राम से खुद जुड़े और ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ें। आगे श्री लोहिया ने इस सत्र में विभिन्न प्रांतों में खुले शाखाओं के लिए प्रांतीय पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

श्री लोहिया ने कहा कि हमें पिछले अधिवेशन में पारित प्रस्ताव 1. मायड़ भाषा का प्रचार, 2. प्री-वेडिंग फोटोशूट-सडकों पर नृत्य-ड्रेस कोड का विरोध, 3. विवाह समारोह में मद्यपान निषेध की जागरुकता पर जोर देने की जरूरत है।

**<u>कार्यसूची 2. अखिल भारतीय समिति की गत बैठक का कार्यवृत्त पारित किया गया :</u>**

राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी ने जुलाई 2023 को कोलकाता में आयोजित पिछली अखिल भारतीय समिति की बैठक का कार्यवृत्त सभा पटल पर रखा जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया।

**<u>कार्यसूची 3. राष्ट्रीय महामंत्री द्वारा विगत कार्यकलापों की संक्षिप्त रपट :</u>**

राष्ट्रीय महामंत्री श्री कैलाशपति तोदी ने पिछली बैठक के बाद से अब तक के सम्मेलन के क्रियाकलापों पर 'महामंत्री की रपट' प्रस्तुत की। साथ ही साथ श्री तोदी ने डिजिटलीकरण की रूपरेखा पर विस्तार से सदस्यों को अवगत करवाया। उच्च शिक्षा, रोजगार सहायता, व्यापार प्रकोष्ठ, वैवाहिक सहयोग, पुस्तकालय की जानकारी दिया। महामंत्री जी ने लोगों को बताया कि उत्तराखंड के प्रांतीय अध्यक्ष श्री संतोष खेतान जी ने कहा है कि उनका उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, पडरौना और मध्य प्रदेश के बुरहानपुर में संपर्क है, जल्द वे प्रयास करके वहाँ सम्मेलन की नई शाखा खुलवाने का आश्वाशन दिया है। उन्होंने आगे सभा में उपस्थित लोगों से निवेदन किया कि आपका देश में जहाँ-जहाँ भी संपर्क हो, वहाँ पर सम्मेलन की शाखा खुलवाने का प्रयास कर सम्मेलन के विकास में अपना सहयोग दें; जिससे संगठन को मजबूती मिलेगी। आगे महामंत्री ने लोगों से अपील किया कि आप छोटे-छोटे गाँवों, कस्बों से उच्च शिक्षा के लिए फॉर्म भेजें, जिससे ज्यादा जरूरतमंद समाज के बच्चों को इसका लाभ मिले।

**कार्यसूची 4. प्रादेशिक अध्यक्षों / महामंत्री की संक्षिप्त रपट :**

उत्तराखंड प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष संतोष खेतान ने राष्ट्रीय पदाधिकारियों व अखिल भारतीय समिति के सदस्यों का उत्तराखंड प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से स्वागत, अभिनंदन करते हुए कहा कि अखिल भारतीय समिति की बैठक के आयोजन का अतिथ्य उत्तराखंड प्रादेशिक मारवाडी सम्मेलन को राष्ट्रीय टीम द्वारा देना प्रादेशिक संगठन व मेरे लिए बड़े गौरव की बात है। 12 वर्षों के अंतराल के बाद हमें आप सभी ने आयोजन के आतिथ्य का गुरुभार सौंपा, उसे हमने सुव्यवस्थित ढंग से करने का प्रयास किया है। राष्ट्रीय नेतृत्व में हम उत्तराखंड में सांगठनिक विकास की दिशा में अग्रसर हैं। आगे भी हम अपने सांगठनिक विकास को अबाध रूप से आप सबके मार्गदर्शन में बढ़ाते रहेंगे।

महामंत्री पूर्वोत्तर विनोद कुमार लोहिया ने पूर्वोत्तर प्रांत का संक्षिप्त रपट प्रस्तुत किया। हमें अपना सम्मान नहीं करवाने की संस्कृति को सम्मेलन के सभी कार्यक्रमों में स्वीकार करना चाहिए। हमारे प्रांतीय अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी किसी तरह का सम्मान किसी भी प्रांतीय व शाखा के कार्यक्रम में स्वीकार नहीं करते हैं और यह संदेश हमने पूर्वोत्तर की सभी शाखाओं में पहुँचा दी है। सम्मेलन के संविधान संशोधन को लेकर उन्होंने अपनी सुझावों को सभा के सामने रखा। जिस पर राष्ट्रीय महामंत्री श्री तोदी ने उन्हें आश्वस्त किया कि संविधान संशोधन को अंतिम रूप देने के पहले हम सभी प्रांतों से दो सदस्यों को लेकर एक बैठक कर उनके दिए गए सुझावों पर विचार-विमर्श करने के बाद ही इसे अंतिम रूप देंगे।

उत्तराखंड के महामंत्री श्री संजय जाजोदिया ने राष्ट्रीय, प्रांतीय पदाधिकारियों एवं समिति के सदस्यों का अभिवादन करते हुए प्रांत की संक्षिप्त रपट प्रस्तुत करते हुए कहा कि हम सावन महीने में बड़े स्तर पर कांवड़ सेवा, और समय-समय पर ब्लड डोनेशन कैंप व आँख ऑपरेशन कैंप जैसे कई मानव सेवामूलक कार्य पूरे वर्ष करते रहते हैं।

छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रतिनिधि श्री नारायण भूषणिया ने छत्तीसगढ़ प्रांत की संक्षिप्त रपट प्रस्तुत करने के उपरांत राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियों द्वारा किए गए सांगठनिक दौरे का ब्यौरा उपस्थित सदस्यों को दिया। आगे उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रांतीय सम्मेलन ने आगामी जून महीने में राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ प्रांतीय पदाधिकारी दौरा करने का निर्णय किया है। छत्तीसगढ़ सरकार से सम्मेलन के प्रादेशिक कार्यालय निर्माण हेतु जमीन मुहैया करवाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है और हम आशा करते हैं कि जल्द अच्छी सूचना आप सभी को हम देंगे।

दिल्ली के महामंत्री श्री सुंदरलाल शर्मा ने दिल्ली का प्रांतीय रिपोर्ट प्रस्तुत किया।

कर्नाटक प्रांत के प्रतिनिधि श्री सीताराम अग्रवाल ने कहा कि समाज पर बहुत अन्याय देश में होता है उन अन्यायों के खिलाफ हमें अपनी आवाज को बुलंदी से उठाने की आवश्यकता है, इस पर सम्मेलन को विचार कर कार्रवाई करने की जरूरत है। श्री लोहिया ने कहा कि इस विषय में केंद्रीय कार्यालय को सूचना मिलने पर उचित कार्रवाई करने को प्रस्तुत है।

**कार्यसूची 5. प्रांत प्रभारी राष्ट्रीय उपाध्यक्षों द्वारा संगठन प्रगति पर रिपोर्ट :**

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मधुसूदन सीकरिया ने अपने भावी योजना की जानकारी देते हुए बताया कि पूर्वोत्तर, सिक्किम और गुजरात में संगठन को विस्तार देने के लिए इन सभी प्रांतों का दौरा किया है। उन्होंने आगे कहा कि पूर्वोत्तर के संगठन विस्तार से आप सभी परिचित हैं। गुजरात में सूरत जिला इकाई का गठन हुआ है। सिक्किम में भी संगठन विस्तार के लिए प्रयास जारी है। गुजरात प्रादेशिक मारवाड़ी

सम्मेलन ने जुलाई में राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक सूरत में आयोजित करने का प्रस्ताव राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को भेजा है, अगर सब कुछ ठीक रहा तो सम्मेलन की अगली कार्यकारिणी की बैठक सूरत में आयोजित होगी।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रंजीत जालान ने संगठन प्रगति तथा भावी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश के कानपुर, आजमगढ़ में शाखाएं खुल गई हैं, निकट भविष्य में 10 और शाखाएं खोलने का हमारा लक्ष्य है। उत्तराखंड में 4 शाखाओं का गठन हुआ है और कुछ दिनों में 3 नई शाखाएं खुल जाएंगी। दिल्ली में प्रांतीय संगठन के संपर्क में हूँ और आशा करता हूं कि जल्द हम वहाँ भी संगठन विस्तार करेंगे। उत्तराखंड में सुदूर स्थित मारवाड़ी सम्मेलन सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में चल रहे गतिविधियों की जानकारी उपस्थित सदस्यों के साथ साझा किया। हम सबकी सहायता करें; सब हमारी सहायता करें। समाज के लोगो को राजनीति में भी सक्रिय होने की आवश्यकता है। समाज में राजनीतिक चेतना की बहुत कमी है, इसके लिए हमें और प्रयास करने की जरूरत है।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सुभाष अग्रवाल ने संगठन प्रगति तथा भावी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि मेरे प्रभार प्रदेश कर्नाटक, तमिलनाडु व तेलंगाना में सदस्यता बढ़ाने पर प्रांतीय पदाधिकारी प्रयत्नशील हैं। आगामी दिनों में गुजरात बैठक के बाद हम कर्नाटक में एक बैठक के आयोजन करने की ओर अग्रसर हैं। सम्मेलन में सामंजस्य के साथ काम करने की आवश्यकता है।

राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेश जालान ने कहा कि सांगठनिक विकास के लिए हमें महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश व कर्नाटक में विशेष प्रयास करने की आवश्यकता है। सबसे पहले हमें अपनी भाषा का विस्तार करना चाहिए। हमें प्रयास करना चाहिए कि हम घर की चौखट के बाहर मारवाड़ी ही दिखें। मारवाड़ी भाषा और संस्कृति पर हमें सजग रहने की आवश्यकता है। हमें मारवाड़ी पन फिर से वापस लाना है जो हमसे छूट सा गया है।

**कार्यसूची 6. भावी कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श :**

राष्ट्रीय महामंत्री श्री तोदी ने सम्मेलन के भावी कार्यक्रमों की जानकारी उपस्थित सदस्यों को दी। (1) सम्मेलन के कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा करते हुए बैठक में मायड भाषा के प्रचार-प्रसार के संबंध में प्रत्येक समाज-बंधुओं से अनुरोध किया गया कि अपने घर में मायड भाषा का प्रयोग करें। (2) सम्मेलन का इस सत्र का नारा है- आपणो समाज-एक समाज-श्रेष्ठ समाज। इसके अंतर्गत सभी घटकों को एकबंद्ध होकर समाज एवं सम्मेलन को मजबूत करना है।(3) वर्तमान लोकसभा के चुनाव के परिप्रेक्ष्य में यह निर्णय लिया गया कि समाज-बंधु अधिक से अधिक मतदान में भाग लें एवं यह सुनिश्चित करें कि मतदान वाले दिन मतदान केंद्र में जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। (4) राष्ट्रीय अधिवेशन में पारित समाज-सुधार संबंधित प्रस्ताव के प्रचार-प्रसार एवं लागू करने के लिए सभी समाज-बंधुओं से अनुरोध किया गया। (5) संस्कार-संस्कृति चेतना कार्यक्रम के संबंध में सभी समाज-बंधुओं से अनुरोध किया गया कि अपने परिवार में एवं समाज में संस्कार-संस्कृति के प्रचार के लिए एवं अपनाने के लिए यथा योग्य प्रयास करें। इन विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई एवं सभी ने इस विषय में आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

**<u>कार्यसूची 7. विविध–अध्यक्ष की अनुमति से :</u>**

अध्यक्ष की अनुमति से विविध विषय पर चर्चा करते हुए निवर्तमान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री पवन कुमार गोयनका ने कहा कि नई शाखाएँ खुल रही हैं, नए सदस्य बन रहे हैं ; मेरा सुझाव यह है कि जिन प्रांतों में चुनाव समय से संपादित नहीं हो रहे हैं वहाँ भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

पूर्व अध्यक्ष पूर्वोत्तर श्री ओम प्रकाश खंडेलवाल ने सम्मेलन भवन की स्थिति के बारे में जानकारी माँगी। उन्होंने सुझाव दिया कि संविधान राष्ट्रीय, प्रांतीय और शाखाओं का एक रूप हो, जिसे राष्ट्र से शाखा तक समान रूप से लागू किया जा सके। आगे कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष को पूरे देश का दौरा करने की जरूरत है। सामाजिक कुरीतियों का संकल्पित होकर विरोध और बहिष्कार करने की आवश्यकता है। समाज की मानसिकता को बदलने के लिए हमें और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है।

श्री मन्ना लाल बैद ने अपने वक्तव्य में कहा कि दिल्ली में हम सदस्य बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं। आज अपने समाज में नशा की प्रवृत्ति तेज गति से बढ़ रही है जो चिंता का विषय है। इसे संज्ञान में लेकर सम्मेलन को कदम उठाने की अत्यंत आवश्यकता है।

श्रीमती सुषमा अग्रवाल ने अपने वक्तव्य में कहा कि हम काम को सेवा समझकर करने वाले लोग हैं। यह हमारा सौभाग्य है कि हम सम्मेलन से जुड़े हैं।

दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष श्री राजकुमार मिश्रा, श्री मनोज कुमार जैन (काला) ने भी अपना सारगर्भित उद्बोधन दिया।

राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष केदार नाथ गुप्ता ने 2023-25 सत्र का अब तक का वित्तीय रपट प्रस्तुत किया।

अंत में राष्ट्रीय महामंत्री श्री तोदी ने प्रांतीय पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा उठाए गए प्रश्नों का जवाब दिया तथा बैठक का सफल संचालन किया। राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री संजय गोयनका ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

बैठक के बाद उत्तराखंड में नवगठित शाखा पदाधिकारियों के साथ राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियों ने समन्वय बैठक की, जिसमें राष्ट्रीय तथा प्रांतीय पदाधिकारियों ने शाखा पदाधिकारियों के संदेहों, प्रश्नों का तर्कपूर्ण उत्तर देकर उनके शंकाओं का समाधान किया।

**शिव कुमार लोहिया**
**राष्ट्रीय अध्यक्ष**

**कैलाशपति तोदी**
**राष्ट्रीय महामंत्री**